## कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद

क्रमांक /वनअधिनियम /बैठक/2016-17/ 559-60 दिनांकः- 12-08-2016

### बैठक कार्यवाही विवरण

वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं नियम 2008 की क्रियान्विति के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आज दिनांक 05.08.2016 को प्रातः 11.30 बजे जिला कलक्टर महोदया की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित हुए -

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद राजसमंद-सदस्य सचिव।
2. उप वन संरक्षक, राजसमंद-सदस्य।
3. सहायक अभियन्ता चम्बल भीलवाडा पेयजल परियोजना, खण्ड आसीन्द।

बैठक मे चम्बल भीलवाडा पेयजल परियोजना की ग्राम नालोई लालपुरा से भादसी तक सडक किनारे पाईप लाईन बिछाने के लिए तहसील भीम के ग्राम नालोई लालपुरा वन क्षेत्र से गुजरने वाली पाईप लाईप लाईन के लिए प्रत्यावर्तित की जाने वाली वन भूमि पर अनुसूचित जन जातियो एवं परम्परागत वन निवासियो के अधिकारो का समाधान किया जाना है।

उप खण्ड अधिकारी, भीम की अध्यक्षता मे आयोजित उप खण्ड स्तरीय बैठक के कार्यवाही विवरण दिनांक 13.06.2016 के अनुसार ग्राम नालोई लालपुरा के आराजी नं 531 मे से 3100 मीटर, लम्बाई में चम्बल भीलवाडा परियोजना के अन्तर्गत 1 मीटर चौडाई में पाईप लाईन बिछाई जानी है। उक्त वन भूमि पर अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों का अतिक्रमण अथवा वनाधिकार का दावा लम्बित नहीं है। इस प्रकार पेयजल परियोजना में आ रहे ग्राम नालोई लालपुरा के वन क्षेत्र में अनुसूचित जन जातियो एवं परम्परागत वन निवासियों के किसी प्रकार के अधिकार निहित नहीं है। ग्राम नालोई लालपुरा ग्राम पंचायत अजीतगढ़ तहसील भीम की ग्राम सभा बैठक कार्यवाही विवरण दिनांक 25.02. 2016 अनुसार ग्राम सभा में वन भूमि से पेयजल परियोजना हेतु 3100 मीटर लम्बाई में तथा 1 मीटर चौडी वन भूमि उपयोग की स्वीकृति दी गई है।

उपरोक्तानुसार ग्राम सभा अजीगढ एवं उपखण्ड अधिकारी, भीम की अध्यक्षता में वनाधिकार समिति बैठक दिनांक 13.06.2016 की रिपोर्ट अनुसार नालोई लालपुरा के वन क्षेत्र के उपर वर्णित खसरान् कुल किता 1 की 3100 मीटर लम्बाई एवं 1 मीटर चौडाई के क्षेत्र 3100 वर्ग मीटर (0.31 है०) को चम्बल भीलवाडा परियोजना के पक्ष मे प्रत्यावर्तन के लिए किसी भी स्तर पर आपत्ति नही होने से जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की सहमति व्यक्त की जाती है।

बैठक धन्यवाद समाप्त हुई।

सदस्य सचिव
जिला स्तरीय समिति
(वन अधिकार अधिनियम)
राजसमंद

क्रमांक वन अधिनियम / बैठक / 2016-17 / 559-568 दिनांक— 12-08-2016

प्रतिलिपि — निम्न को सूचनार्थ पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद राजसमंद।
2. प्रभारी अधिकारी वन अधिनियम जिला कलक्टर, राजसमंद
3. उप वन संरक्षक, राजसमंद।
4. अधिशाषी अभियन्ता, चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना, खण्ड—आसीन्द।
5. उप खण्ड अधिकारी, भीम ।
6. सदस्य ........................................जिला स्तरीय वनाधिकार समिति राजसमंद।
7. ग्राम पंचायत अजीतगढ तह. भीम जिला राजसमंद।

सदस्य सचिव
जिला स्तरीय समिति
(वन अधिकार अधिनियम)
राजसमंद